शिक्षा से परिवार ही नहीं बल्कि समाज और देश का विकास होता है : विधायक अनीता जाटव

हिण्डौन सिटी। शिक्षा ही सही मायने में शेरनी का दूध है। शिक्षा से परिवार ही नहीं बल्कि समाज और देश का विकास होता है। यह बात महवा रोड स्थित रिद्धि सिद्धि पैलेस में आयोजित जाटव समाज का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह की अध्यक्षता कर रही विधायक अनीता जाटव ने कही। विधायक जाटव ने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से बच्चों को आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। इसलिए नई प्रतिभाओं

■ **जाटव समाज के 180 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान**

दिशा निर्देश देने के साथ साथ संसाधनों की पूर्ति में सहयोग देना आवश्यक है। इस दौरान जाटव समाज की जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में आरएएस परीक्षा 2024 में चयनित कोरेन्द्र बंशीवाल को सम्मान करते हुए 180 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अथिति सांसद भजन लाल जाटव ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की सच्ची कुंजी है, जिसके दम पर प्रगति पथ के द्वार खुलते है। शिक्षा के दम पर कितनी ही बुलंदियों पर पंहुचा जा सकता है। सांसद ने कहा कि सामाजिक मंच पर होनहार बच्चों का सम्मान करने से उनका हौंसला बढ़ता है। इसलिए ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। समारोह को नगर परिषद सभापति बृजेश कुमार, पंचायत समिति प्रधान विनोद कुमार, श्रीमहावीरजी प्रधान राजेश कुमारी, भामाशाह हट्टी राम जाटव ने भी सम्बोधित किया।

जाटव समाज की प्रतिभाओं का सम्मन करते अतिथिगण।

इससे पहले अतिथियों ने डा. भीमराव अम्बेडकर और भगवान गौतम बौद्ध की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पुस्तकालय अध्यक्ष राम सिंह जाटव और मनोज कुमार देवत ने किया। समारोह संयोजक कैलाश चंद जाटव और राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) के महामंत्री मनोज कुमार देवत सहित आयोजन समिति से जुड़े लोगों ने अतिथियों का साफा -माला पहना कर स्वागत किया।

मनोज कुमार देवत ने समारोह का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और अध्यक्ष कैलाश चंद जाटव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समारोह की सफलता पर धन्यवाद दिया। अतिथियो ने प्रतियोगी परीक्षा, 10वीं, 12वीं परीक्षा एवं नीट, आरएएस में चयनित होनहार बच्चे और उनके अभिभावकों का समारोह के मंच पर सिल्वर मेडल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संयोजक कैलाशचंद जाटव ने बताया कि समारोह में विभिन्न क्षेत्र की 180 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, जिसमें प्रशासनिक सेवा, मेडिकल सेवा, खेल, इंजीनियरिंग सेवा, अकादमी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार शामिल हैं। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद भजनलाल जाटव रहे और अध्यक्षता विधायक अनीता जाटव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रमुख शिमला देवी, सभापति बृजेश जाटव, प्रधान विनोद जाटव, राजेश कुमारी, समाजसेवी भामाशाह हट्टीराम ठेकेदार एवं आयोजन समिति के पूरणमल जाटव, रमेश चंद्र, यादराम, संतराम वर्मा, नेताजी रामचरण खुरसटपुरा, श्रीलाल, राम प्रसाद, नवल किशोर, रत्तिराम, उदयसिंह, हरिराम तोमर, भगवान सिंह, श्रीलाल मिल्कीपुरा वाले, मानसिंह, राधेश्याम देवत, त्रिलोकचंद जाटव विकास अधिकारी , सुनील देवत, प्रकाश देवत, पंकज देवत अतरसिंह, अशोक अपर डिविजन क्लर्क, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

मेघावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

करौली (नि.स.)। करौली जिला मुख्यालय स्थित गुलाब बाग शाखा में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ब्रांच टीम लीडर रविकांत शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीराम फेडरेशन लिमिटेड द्वारा छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें वाहन मालिकों के कक्षा 7 से 12वीं तक के चयनित 112 मेगावी छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति के रूप में चैक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुशील शर्मा एमआरएफ टायर वाले एवं बलराम, शिवकेश, मुंशी खान, गोवर्धन शर्मा उपस्थित रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रांच मैनेजर वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि कंपनी प्रोग्राम के अंतर्गत कई समाज उपयोगी कार्य करती है जिसमें सुशील एवं बलराम ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा का महत्व बताया मंच संचालन कलेक्शन मैनेजर 'विदयाल छीपी ने किया वही विकास सिंह जादौन एडवोकेट, नवरत्न सिंह नरूका, सुभाष कुमार,अरुण शर्मा, माखन मीना, गौरव प्रजापत, बबली बेनीवाल, पुष्पेंद्र सिंह, वसीम खान,सचिन कुमार,अमित कुमार,राजेंद्र सिंह,राजू उपस्थित रहे।

पॉलिटेक्निक कॉलेज और प्योर इंडिया ट्रस्ट के बीच समझौता

धौलपुर(नि.स.)। धौलपुर के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्योर इंडिया ट्रस्ट और गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, धौलपुर के बीच एमपॉवरएक्स (बनो उद्यमी) एमएसएमई लर्निंग सेंटर की स्थापना हेतु एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह केंद्र सिडबी स्वावलंबन फाउंडेशन की सामाजिक दायित्व पहल के अंतर्गत धौलपुर में उद्यिमता विकास परियोजना का हिस्सा होगा। बनो उद्यमी केंद्र का उद्देश्य स्थानीय युवाओं,महिलाओं और दिव्यांगजनों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और व्यावसायिक कौशल विकसित करने में सहायता प्रदान करना है। प्योर इंडिया ट्रस्ट के खु'ाबिहारी व्यास ने बताया कि इस केंद्र में युवाओं को एक ही छत के नीचे विभिन्न व्यवसायों,केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं,व्यावसायिक पंजीकरण एवं लाइसेंस प्रक्रिया,व्यवसाय सम्बंधित मार्गदर्शन और शुरुआती निवेश की जानकारी दी जाएगी।

इसका औपचारिक उद्घाटन नवंबर महीने में जिला प्रशासन, कॉलेज प्राचार्य और सिडबी बैंक के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। इस एमओयू पर प्योर इंडिया ट्रस्ट के संस्थापक एवं सीईओ प्रशांत पाल और कॉलेज के प्राचार्य हेलेन्द्र हरदेनिया ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कॉलेज के प्रतिनिधि श्री जितेन्द्र कुमार और प्योर इंडिया ट्रस्ट के सदस्य सत्येन्द्र सिंह, खुशबिहारी शर्मा, गजानंद शर्मा और रामबरण गोस्वामी उपस्थित रहे। इस पहल के माध्यम से धौलपुर जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लगभग 5 हजार युवाओं को जागरूक किया जाएगा।

सी.एल.जी. की बैठक आयोजित

करौली(नि.स.)। करौली कोतवाली थाना परिसर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम की अध्यक्षता में सीएलजी की बैठक आयोजित हुई जिसमें कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई।

करौली कोतवाली थाना परिसर में दीपावली के पर्व को लेकर सीएलजी कि बैठक आयोजित हुई इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम,करौली पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम,कोतवाली थाने के द्वितीय थाना अधिकारी निरंजन कुमार उपस्थित रहे बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आने वाले 7 दिनों में धन त्रयोदशी,दीपावली,गोवर्धन पूजा, भाई दूज जैसे अनेक पर्व मनाए जाएंगे उन्होंने कहा कि सभी लोग आपस में हिल मिलकर अमन चैन और शांति के साथ दीपोत्सव के पर्व मनाए और अपने आसपास रह रहे अपराधियों और घटित हो रहे अपराधों की पुलिस को सूचना दें

करौली कोतवाली परिसर मे सीएलजी बैठक के दौरान उपस्थित सदस्य व पुलिस अधिकारी ।

ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके उन्होंने इन दिनों चल रहे साइबर ठगी, स्मैक नशा, जुआ,सट्टा आदि पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे घर पकड़ अभियान के तहत अपराधी को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा उन्होंने दीपावली पर यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा करते हुए व्यापारियों से आव्हान किया कि अपने घरों से प्रतिष्ठानों पर आते समय दो पहिया, चैपाइयां वाहनों को ना लाएं वहीं ग्रामीण क्षेत्र से शहर में खरीददारी को आने वाले लोग अपने वाहनों को शहर परकोटे के बाहर सुरक्षित स्थान पर खड़ा करके ही अंदर शहर में प्रवेश करें इसके अलावा उन्होंने शहर कि कानून और शांति व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए बैठक में उपस्थित लोगों से सुझाव मांगे इस दौरान सदस्य सुशील शर्मा,दिलीप मीणा एडवोकेट, जितेन्द्र सिंह सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

चुनरी महोत्सव 10 नवंबर को

गंगापुर सिटी । मां इंदरगढ बिजासन सेवा समिति के तत्वाधान में इंदरगढ माता जिला बूंदी 21वीं बसयात्रा 9 नवंबर को गौरव मैरिज हॉम से इन्द्रगढ के लिए रवाना होगी। जहां महारानी पैलेस में रात्रि 8 बजे से विशाल भगवती जागरण का आयोजन एवं 10 नवंबर को 108 मीटर लंबी चुनरी महोत्सव व अन्नकूट का आयोजन किया जावेगा। समिति अध्यक्ष देवी चरण गर्ग ने बताया कि प्रत्येक माह जाने वाली बसयात्रा 9 नवंबर को कर्मचारी कॉलोनी स्थित गौरव मैरिज होम के सामने से शाम 4 बजे रवाना होगी। वहां पहुंचने के बाद रात्रि 8 बजे से भगवती जागरण का आयोजन एवं प्रात: 6 बजे माता रानी की ध्वजा लेकर ढोल नगाडों के साथ माता रानी

■ **9 नबम्बर को जायेगी इंदरगढ माता जी की बस, रात्री में होगा भगवती जागरण**

को 108 मीटर लंबी चुनरी चढाई जावेगी। इस दौरान माता रानी के श्रृंगार दर्शन करके विशाल अंन्नकूट प्रसादी पंगत पर वितरण की जावेगी। महामंत्री वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि माता रानी के दर्शन के लिए प्रतिमाह यात्रा के साथ माता रानी के भवन के पास गंगापुर वालों की धर्मशाला का निर्माण सभी भक्तों के सहयोग से चल रहा है। यात्रा में शामिल होने वाले भक्त सुनील गर्ग उदेई मोड एवं कर्मचारी कॉलोनी स्थित इंदरगढ माता के दरबार में पंजीयन कराकर बस में अपनी सीट बुक करवा कर चुनरी महोत्सव आयोजन में शामिल होंवे।

अग्रवाल समाज के परिचय कार्यक्रम में युवक युवतियो का किया बायोडेटा संकल्प

गंगापुर सिटी 27 नवम्बर। अग्रवाल समाज सेवा समिति उदई मोड एवं अग्र संचार नेट, राजस्थान द्वारा अग्रसेन सेवा सदन में विवाह योज्य युवक युवती परिचय कार्यक्रम का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन एवं कुलदेवी महारानी लक्ष्मी जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। अध्यक्ष सोहनलाल गुप्ता ने बताया कि परिचय कार्यक्रम प्रत्येक माह के द्वितीय और चतुर्थ रविवार को अग्रसेन सेवा सदन गंगापुर सिटी में लगातार आयोजित किया जा रहा है। परिचय कार्यक्रम में सपोटरा, टोडाभीम, करौली, हिंडौन, सवाई माधोपुर से विवाह योग्य यवक-युवतियों के बायोडाटा जिसमें इंजीनियर, अध्यापक एवं व्यवसायी, सरकारी सर्विस करने वाले बच्चों का बायोडाटा एकत्रित किया गया। संयोजक सेवानिवृत्ति गिर्राज प्रसाद गुप्ता सहायक अभियंता ने बताया कि अब तक किए गए परिचय कार्यक्रमों में 6 जोडा जिनमें दो जयपुर, दो गंगापुर, एक करौली और एक हिंडौन के हो चुके हैं। इस अवसर पर कमल किशोर, गोविंद, गिरिराज गुप्ता, कमलेश, देवेश बंसल, सुरेश गुप्ता, रामनरेश, मोहन, महेश अग्र बंधुओ ने भाग लिया।

6 लाख रूपये की चोरी का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

सूरौठ । भरतपुर पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश, करौली पुलिस अधीक्षक बृजेशज्योति उपाध्याय व अति0 पुलिस अधीक्षक हिण्डौनसिटी सत्येन्द्र पाल आरपीएस के निर्देशन में उपाधीक्षक हिण्डौनसिटी गिरधरसिंह आरपीएस के सुपरवीजन में रात्रि के समय चोरी व नकबजनी की घटनाओं में वांछित अपराधीयों की धरपकड अभियान के दौरान थानाधिकारी महेश कुमार उप निरीक्षक सूरौठ मय टीम द्वारा विजयसिंह मास्टर निवासी जटनगला की मोटर साईकिल की डिग्गी में से हुई 6 लाख रूपये की चोरी का पर्दाफाश करते हुए चोर को गिरफ़्तार किया व चोरी हुए रूपये 4 लाख रूपये की बरामदगी एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटर साईकिल टीवीएस राईडर को बरामद किया गया,सर्व समाज की महापंचायत के बाद करौली पुलिस को बनी चुनौती रिटायर्ड प्रधानाध्याक विजयसिंह की चोरी का पर्दाफाश मुलजिम अमित उर्फ घण्टोली पुत्र पनेयसिंह जाति सांसी उम्र 21 साल निवासी सांसी मोहल्ला लक्ष्मीपुरा थाना छबडा जिला बांरा को सूरौठ पुलिस ने किया गिरफ्तार बड़े बड़े शहरों में बैंक शादी पार्टी में चोरी की घटना को अन्जाम देने वाली अन्तराज्यीय कुख्यात कड़िया सांसी गैंग का सूरौठ पुलिस ने पर्दाफाश किया।

सार-समाचार

अखिलेश गर्ग बने अध्यक्ष

करौली मे आयोजित मुक्केबाजी संघ के चुनावो मे विजयी कार्यकारणी का माला साफा पहनाकर स्वागत किया गया

करौली (नि.स.)। करौली बॉक्सिंग एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी धीरेंद्र बैंसला एडवोकेट ने बताया कि रविवार को करौली जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक में एजेंडे के अनुसार संघ के चुनाव आगामी चार वर्षो 2024- 2028 के लिए कुल 15 पदों के लिए 15 नामांकन पत्र प्राप्त हुए जिनमें से एक पद पर एक ही नामांकन आया इस प्रकार जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के सभी पदों के लिए गए नाम निर्विरोध रूप से घोषित किए गए हैं उन्होंने बताया कि अध्यक्ष के पद पर अखिलेश गर्ग,वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर नरेश बंसल, उपाध्यक्ष के पद पर चेतराम मीणा,पुष्पेंद्र शर्मा,रिद्धि चंद बंसल,पुष्पेंद्र उर्फ बबलू शुक्ला,सचिव के पद पर पूर्व पंचायत समिति की प्रधान मौसम बाई मीणा,संयुक्त सचिव के पद पर पंडित योगेश शर्मा,गजेंद्र सिंह सेंगर,जितेंद्र गोयल,सलमान खान,कोषाध्यक्ष के पद पर नीलम सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में महेश गुर्जर,मेघराम मीणा,रुद्र प्रताप सिंह राजावत को निर्विरोध रूप से चुना गया उन्होंने बताया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया राजस्थान सरकार के खेल अधिनियम 2005 एवं राष्ट्रीय खेल संहिता 2011 के नियमों के तहत कराये गए इस अवसर पर राजस्थान मुक्केबाजी संघ के सचिव नरेंद्र कुमार निर्माण,राजस्थान मुक्केबाजी संघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र चैधरी,ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक अब्दुल जब्बार,जिला खेल अधिकारी पर्यवेक्षक राम हरि गुर्जर, निर्मल मीणा,जिया पठान,पुष्पेंद्र शर्मा, के के सारस्वत, दारासिंह मीणा,साजिद खान,कुलदीप मवाई, अनिल शर्मा मेडिकल,प्रकाश भगत,व्याख्याता दिनेश मीणा, सरवन सैनी, बॉबी राजावत,जितेंद्र गोयल, विक्रम जागरबाढ़ सहित मुक्केबाजी संघ से जुड़े लोग व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

46.6. ग्राम स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

गंगापुर सिटी । कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ 46.6० ग्राम स्मैक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि वे पुलिस दल के साथ में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ परिवहन करते हुए पाए जाने पर चर्च ग्राउंड से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस के द्वारा सतीश पुत्र बत्तीलाल मीना बरदाला थाना नादोती, बत्तीलाल पुत्र प्रभुलाल मीना निवासी बरदाला थाना नादोती और भंडूराम पुत्र प्यारेलाल मीना निवासी बरदाला थाना नादोती को गिरफ्तार कर 46.6० ग्राम स्मैक जब्त की है। पुलिस टीम में थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह, सहायक उपनिरीक्षक हनुमान प्रसाद, कॉन्स्टेबल विष्णु कुमार, बिहारीलाल, रिंकू, शिवलाल, जयप्रकाश शामिल रहे।

रबी की फसल का वितरण किया

करौली(नि.स.)। केंद्रित विकास परियोजना अंतर्गत एचडीएफसी बैंक परिवर्तन व अर्पण सेवा संस्थान द्वारा मासलपुर में रबी फसल प्रदर्शन के तहत गेहूँ का उन्नत बीज वितरण किया गया। परियोजना प्रबंधक महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि केंद्रित विकास परियोजना के तहत मासलपुर में गेहूँ का बीज जैविक खाद व दवाई के साथ किसानों को बीज वितरण किया गया इसमें परियोजना द्वारा 45 गांवो में कुल 225 किसानों को जैविक गेहूँ की खेती करने के लिए प्रेरित कर उन्हें जैविक उत्पाद के साथ खेती करने का पूरा पैकेज दिया गया जिससे गेहूँ कि जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा इस दौरान परियोजना सहायक अभियंता संदीप चैधरी,कृषि विशेषज्ञ गौरव सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता जगत नारायण मौर्य, जसाराम,दीनदयाल शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

ब्राह्मण समाज का कार्यक्रम आयोजित

हिंडौन सिटी/दौसा । दौसा विधानसभा उपचुनाव से पहले यहाँ गुप्तेश्वर रोड़ पर आज रविवार को आयोजित ब्राह्मण समाज के दीपावली स्नेह मिलन समारोह व पंचायत में एक जुट होकर एक प्रत्याशी को वोट देने की बात पर आम सहमति बनी। इस कार्यक्रम में रिटायर्ड वरिष्ठ आईपीएस अफसर लक्ष्मण गौड मुख्य अतिथि रहे व राजीव शर्मा सांगानेर, प्रीति शर्मा जोधपुर, राधारमण कुंभज अजमेर विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद रहे। लक्ष्मण गौड ने कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के लोगों से एक साथ एक जुटता का परिचित देते हुए राजस्थान सीएम भजन लाल शर्मा के हाथ मजबूत करने के लिए पार्टी प्रत्याशी को ही वोट देने की अपील की जिससे क्षेत्र का भी विकास हो। यह कार्यक्रम बाबूलाल टीलावाला के संयोजन में हुआ। इस दौरान राजस्थान के सभी जगहों से विप्र बंधु भाग लेने के लिए बढ चढ कर समारोह में उपस्थित हुए और अतिथियों का स्वागत सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर सांगानेर के वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव शर्मा ने भी मंच से समाज के लोगों को एक जुट होने का आव्हान किया और विकास के लिए सरकार का समर्थन व पार्टी प्रत्याशी को अधिकाधिक वोट करने की अपील भी की।

निजी व लोकल वाहनों को टोल से मुक्त रखे जाने की मांग

हलैना (निस)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के द्वारा पहाडी से धौलपुर वाया छौंकरवाडा कलां-बयाना तक बना स्टेट हाइवे-45 पर खेरली गंज से वैर वाया छौंकरवाडा कलां की दूरी करीब 30 किमी है,जिसमें करीब 3 किमी जयपुर नेशनल हाइवे-21 का हिस्सा भी शामिल है। इस सडक मार्ग पर खेडली मोड से छौंकरवाडा कलां तक करीब 15-15 किमी की दूरी पर तीन टोल वूथ लगे हुए है, यदि कोई वाहन खेरली गंज से वैर तक आता-जाता है, तो उसे तीन बार टोल चुकता करना होगा। जिससे वाहन चालक व मालिक की जेब पर असर पडता है। स्थानीय निजी वाहन इधर-उधर से जब भी गुजरते है। उन्हे प्रत्येक चक्कर का टोल देना होगा। अब क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पीडब्ल्यूडी व परिवहन मंत्री से स्टेट हाइवे पर लगे टोल से निजी और लोकल वाहनों को फ्री करना तथा खेरली गंज से वैर के मध्य जगे तीन टोल में दो का हटाया जाने की मांग की।

खेरलीगंज से वैर के मध्य अलीपुर मोड के गांव पथैना की ओर करीब एक किमी दूर पर पहला टोल वूथ, यहां से करीब 12 किमी दूरी पर दूसरा टोल वूथ गांव छौंकरवाडा कलां से करीब सवा किमी दूरी गांव अतिरामपुरा के पास, यहां से करीब 13 किमी दूरी पर तीसरा कस्वा वैर से भुसावर की ओर

छौंकरवाडा कलां में स्थित टोल टैक्स।

करीब ढाई किमी दूर गांव भौडागांव के पास स्थापित है। जबकि चौथा टोल वूथ यहां से करीब 25 किमी दूर बयाना-बन्ध वारैठा के मध्य स्थापित है।

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के द्वारा पहाडी से धौलपुर वाया छौंकरवाडा कलां-बयाना तक गांव अलीपुर मोड,गांव अतिरामपुरा व गांव भौडागांव पर टोल वूथ है। जहां वाहन चालक व यात्रियों की सुरक्षा,सुलभ शौचालय,पेयजल,रोशनी आदि की कोई व्यवस्था नही है और न ही विश्राम करने की। रात्रि के समय टोल वूथ पर इक्का-दुक्का लाइट ही जलती है। टोल के पास लाइट नही जलने से रात्रि को अन्धेरा छाया रहता है।

गांव छौंकरवाडा कलां निवासी सन्तोष बंसल व सोहन सिंह ने बताया कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के द्वारा राज्य में बनाए स्टेट हाइवे मार्गो पर साल 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री बसुन्धरा राजे ने निजी चार पहिए वाले वाहनों को टोल मुक्त कर दिया था। इसी साल में कांग्रेस की सरकार बनी और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निजी चार पहिए वाले वाहनों पर दुबारा टोल वसूली शुरू कर दी। जिसका वाहन मालिको ने विरोध जताया, लेकिन कुछ नही हुआ। राज्य में अब भाजपा की सरकार है, जिस सरकार को साल 2018 के फैसले पर दुबारा निर्णय लेना चाहिए और निजी व लोकल वाहनों को टोल से मुक्त रखा जाए। गांव अतिरामपुरा निवासी प्रेम सिंह मीणा एवं चौटोली निवासी अशोक कुमार ने बताया कि गांव छौंकरवाडा कलां एवं भुसावर के दिन में कई चक्कर लग जाते है। जब भी गांव अतिरामपुरा के पास लगे टोल से गुजरते है तो बार-बार टोल देना पडता है। गांव पथैना निवासी राजूराजा व गांव हिगोठा निवासी नेमी सिंह ने बताया कि खेडली गंज से वैर के मध्य निमय के विरूद्व कम दूरी पर तीन टोल लगे हुए है,जो गलत है।

अम्मा कार्यक्रम का आयोजन

करौली (नि.स.)। मंडरायल परियोजना के करणपुर सेक्टर की आंगनबाड़ी केंद्र महाराजपुरा व नानपुर में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग मंडरायल और यूनिसेफ कि सहयोगी संस्थान वात्सल्य सोसायटी द्वारा टीकाकरण दिवस पर अम्मा कार्यक्रम व संतान के प्रथम 1 हजार दिवस कार्यक्रम की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे वात्सल्य संस्थान से जिला समन्वयक जफर अली व ब्लॉक कार्डिनेटर लक्ष्मण सिंह द्वारा कुपोषित बच्चों की रोकथाम के लिए एंव बच्चो के प्रारम्भिक बाल्यावस्था विकास को लेकर अच्छे पोषण युक्त आहार व संतान के प्रथम 1 हजार दिवस कार्यक्रम पर अभिभावकों से चर्चा की। वात्सल्य टीम से जिला समन्वयक जफर अली व एएनएम द्वारा अभिभावकों कुपोषित बच्चों की पहचान व उपचार, प्रबंधन हेतु चर्चा की गई। और कुपोषण कों दूर करने के लिए तिरंगा भोजन का सेवन करने, प्रत्येक माह बच्चों का वजनध्लंबाई लेने के बारे में जानकारी दी, महिलाओं को गर्भावस्था से बच्चें के 2 वर्ष पूर्ण होने तक पौष्टिक भोजन व फलों व ऊपरी आहार व देखरेख एवं निगरानी का ध्यान रखना हैं ग्रोथ मॉनिटरिंग और उम्र के साथ बच्चें के पोषण युक्त आहार में बढ़ौतरी करने के बारे में जानकारी दी। बैठक में एएनएम हेमलता शर्मा, आशा सहयोगिनी मंजू प्रजापत, रजनी कंवर, वात्सल्य संस्थान के जिला समन्वयक जफर अली, ब्लॉक कार्डिनेटर लक्ष्मण सिंह, गर्भवती महिला व धात्री माताएं व बच्चें उपस्थित रहें।

जीसीसी नाइटराइडर्स ने जीता किड्स क्रिकेट लीग का सातवां सीजन

विजेता टीम को पुरूष्कृत करते अतिथी ।

गंगापुर सिटी । नई दिशा सोसायटी के तत्वाधान में किड्स क्रिकेट लीग के सेमीफाइनल तथा फाइनल मैच रविवार को सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान पर संपन्न हुए। आयोजक किड्स केयर स्कूल रहा। रविवार को प्रथम सेमीफाइनल मैच जीजीसी नाइट राइडर्स तथा जीसीसी हंटर के मध्य खेला गया जिसमें जीसीसी नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान कुशाग्र के बेहतरीन 34 रन की बदौलत निर्धारित 10० ओवर में 93 रन बनाएं इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए जीसीसी हंटर की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही और टीम प्रारंभ में ही लडखडा गई। पूरी टीम 66 रन पर पेवेलियन लौट गई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच कुशाग्र उपाध्याय रहे। इसके बाद दिन का दूसरा सेमीफाइनल मैच किंग्स इलेवन तथा रॉयल चैलेंजर के मध्य खेला गया जिसमें रॉयल चैलेंजर ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी का निर्णय लिया लेकिन कप्तान के इस निर्णय को टीम ने गलत साबित किया और पूरी टीम 63 रन पर आउट हो गई। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने वाली किंग्स इलेवन की शुरुआत बेहद खराब हुई और मैच के अंत में बहुत ही रोमांचक स्थिति पैदा हुई और अंत में किंग्स इलेवन ने यह मैच सात विकेट से जीत लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच किंग्स इलेवन तथा जीसीसी नाइट राइडर्स के मध्य खेला गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश कटारिया, लक्ष्मी नारायण गोयल, रोहित जैमिनी रहे। जीसीसी नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया लेकिन टीम के कप्तान के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने रुक कर बल्लेबाजी नहीं की और इसका नतीजा यह रहा की फाइनल मैच में निर्धारित ओवरों में टीम 85 रन ही बना पाई। इसके बाद किंग्स इलेवन कि लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो प्रारंभ में ही टीम ने अपने महत्वपूर्ण विकेट खो दिए।